वेबसाईट : www.abvp.org
पंजिकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय– 3, मार्बल आर्च, सेनापती बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016.
दूरभाष :(022) 24306321 / 24378866 फैक्स :24313938 ई–मेल : abvpkendra@gmail.com

दिनांक : 24 मार्च 2020

–: प्रेस विज्ञप्ति :-

प्रधानमंत्री जी द्वारा 21 दिवसीय लॉकडाउन की अपील स्वागतयोग्य : अभाविप

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, माननीय प्रधानमंत्री द्वारा आज कोरोना वायरस के विरुद्ध लड़ाई में देशवासियों से 21 दिवसीय लॉकडाउन की अपील का स्वागत करती है। कोरोना वायरस के खिलाफ युद्ध स्तर पर चल रही इस निर्णायक लड़ाई को सफल बनाने हेतु तथा कोरोना की भारत से समाप्ति हेतु यह कदम अत्यंत महत्वपूर्ण है।

अभाविप कोरोना वायरस के संक्रमण की उत्पन्न स्थिति में आवश्यक व्यवस्थाओं के सुचारू सञ्चालन हेतु सहयोगी भूमिका में कृतसंकल्प हैं। इस हेतु स्थानिक प्रशासन की ओर से किसी भी दिशा निर्देश के लिए तत्पर हैं।

अभाविप की राष्ट्रीय महामंत्री सुश्री निधि त्रिपाठी ने कहा कि, "अभाविप, 21 दिवसीय लॉकडाउन के कदम का स्वागत करती है तथा देशवासियों से यह अपील करती है की सरकार द्वारा कोरोना वायरस के खिलाफ उठाए जा रहे कदमों को अपना पूर्ण समर्थन दें। अभाविप के सभी कार्यकर्ता देश के विभिन्न हिस्सों में स्थानीय स्तर पर प्रशासन के साथ सहयोग हेतु उपलब्ध हैं। "

(यह प्रेस विज्ञप्ति केन्द्रीय कार्यालय मंत्री नीरज चौधरकर द्वारा जारी की गई है।)